भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**Corporate Communications Directorate**

AMAR UJALA DELHI 3 MARCH 2025

# हिंडन से बंगलूरू के लिए शुरू हुई उड़ान

माई सिटी रिपोर्टर

**साहिबाबाद।** हिंडन एयरपोर्ट से रविवार शाम बंगलूरू के लिए एयर इंडिया एक्सप्रेस ने उड़ान सेवा शुरू कर दी। पहली फ्लाइट से 173 लोगों ने बंगलूरू के लिए उड़ान भरी। दूसरे दिन गोवा के लिए 128 यात्रियों और कोलकाता के लिए 176 यात्री हिंडन एयरपोर्ट से रवाना हुए। बंगलूरू की फ्लाइट पहले ही दिन करीब एक घंटे लेट रही, जिससे अपनों को लेने एयरपोर्ट पहुंचे लोग परेशान हुए।

बंगलूरू से विमान को दोपहर 12:40 पर उड़ान भरनी थी लेकिन किन्हीं कारणों से यह फ्लाइट करीब एक घंटे लेट रही और वहां से 2 बजे उड़ान भरी गई। एयरपोर्ट पर उतरे यात्रियों ने बताया कि उन्हें वहां करीब एक घंटा इंतजार करना पड़ा। यह फ्लाइट हिंडन एयरपोर्ट पर दोपहर 3:30 पर उतरनी थी, लेकिन यह 4:30 बजे यहां उतरी। इसके बाद करीब 40 मिनट ब्रेक के बाद बंगलूरू के लिए उड़ान भरी।

एयरपोर्ट से दो दिन में तीन अलग-अलग शहरों के लिए उड़ान सेवा शुरू हुई है। इससे स्थानीय लोगों में काफी खुशी है। शनिवार को गोवा एवं कोलकाता के लिए उड़ान शुरू हुई थी। रविवार को भी कोलाकाता, गोवा एवं बंगलूरू की फ्लाइट पकड़ने के लिए गाजियाबाद के साथ ही ग्रेटर नोएडा, दिल्ली व गुड़गांव से लोग पहुंचे थे।

## 22 से चेन्नई व जम्मू के लिए शुरू होगी सेवा

गोवा, कोलकाता, बंगलूरू के बाद कंपनी की तरफ से 22 मार्च से जम्मू और चेन्नई के लिए उड़ान शुरू की जानी है। हिंडन से शाम 3:10 बजे चेन्नई की फ्लाइट रोजाना उपलब्ध रहेगी। जबकि हिंडन से चेन्नई के लिए सुबह 9:45 को फ्लाइट केवल शनिवार को उपलब्ध होगी। ठीक इसी प्रकार से हिंडन से जम्मू की फ्लाइट भी सुबह 9:45 पर शनिवार को छोड़कर रोजाना मिल सकेगी। यह जम्मू सुबह 11:20 पर पहुंचेगी। जबकि जम्मू से हिंडन दोपहर एक बजे चलेगी तो 2:30 पर पहुंचेगी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR DELHI 3 MARCH 2025

### गाजियाबाद से कांगड़ा पहुंचा एयरक्राफ्ट, फिर दिल्ली के लिए भरी उड़ान

# कांगड़ा हवाई अड्डे पर विमान की नाइट लैंडिंग सफल, पठानकोट का विकल्प बनेगा एयरपोर्ट

भास्कर न्यूज़ | धर्मशाला

कांगड़ा एयरपोर्ट पर शनिवार रात तीसरी बार सफल नाइट लैंडिंग हुई। रात 10:36 बजे एयरफोर्स के विमान ने यहां सुरक्षित लैंडिंग की। यह विमान हिंडन एयरपोर्ट, गाजियाबाद से उड़ान भरकर कांगड़ा पहुंचा। इंडियन एयरफोर्स की एयरड्रिल का मकसद एयरपोर्ट की सुरक्षा और संचालन क्षमता को परखना था। अब वायुसेना के पास नाइट लैंडिंग के लिए पठानकोट एयरबेस के अलावा कांगड़ा एयरपोर्ट का विकल्प भी उपलब्ध हो गया है।

रात को विमान की आवाज सुनकर कई लोग छतों पर चढ़ गए। कांगड़ा एयरपोर्ट पर अभी नियमित नाइट लैंडिंग नहीं होती, लेकिन इस बार एयरफोर्स का ग्लोब मास्टर एयरक्राफ्ट यहां उतरा और 10:56 बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरी। हालांकि इसे वायुसेना का परीक्षण बताया जा रहा है। कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार की प्रक्रिया शुरू होते ही वायुसेना ने यहां नाइट लैंडिंग के सफल ट्रायल तेज कर दिए हैं। समुद्र तल से 2492 फीट की ऊंचाई पर स्थित है। मौजूदा रनवे 1372 मीटर लंबा और 30 मीटर चौड़ा है। इस पर फिलहाल 72 सीटर एटीआर विमान ही ऑपरेट हो सकते हैं। रनवे की लंबाई 3010 मीटर होने पर एयरबस 320 जैसे बड़े विमान भी उतर सकेंगे, जिनमें 167 यात्री बैठ सकते हैं।

**कांगड़ा एयरपोट की एयर स्ट्रिप की लंबाई बढ़ेगी...** धर्मशाला को प्रदेश की पर्यटन राजधानी बनाने के लिए कांगड़ा एयरपोर्ट के विस्तार की योजना बनाई गई है। फिलहाल एयर स्ट्रिप की लंबाई 1376 मीटर है। इसे 3010 मीटर तक बढ़ाने की योजना है, ताकि बड़े विमान भी यहां उतर सकें। इसके लिए 8 पंचायतों के 14 राजस्व गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर मार्च 2025 से यहां सूर्योदय से सूर्यास्त तक उड़ानें शुरू हो जाएंगी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK BHASKAR DELHI 3 MARCH 2025

# दिल्ली एयरपोर्ट पर टैक्सी ठगी का भंडाफोड़, तीन आरोपियों को दबोचा

## गिरफ्तार आरोपियों में एक एयरपोर्ट कर्मी भी, 4 मामले में शामिल था मुख्य आरोपी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एयरपोर्ट पुलिस ने टैक्सी ठगी के एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक एयरपोर्ट कर्मचारी और दो सहयोगी शामिल हैं, जिन्होंने एक महिला यात्री से धोखाधड़ी कर मोटी रकम वसूली थी। पुलिस ने ठगी में इस्तेमाल कार भी जब्त की है। मुख्य आरोपी चार अन्य समान मामलों में शामिल पाया गया है।

जानकारी के अनुसार 18 फरवरी 2025 को वफा सिद्दीकी टर्मिनल-2 (टी2) से कोच्चि के लिए इंडिगो उड़ान लेने वाली थीं। समय की कमी और ट्रैफिक के कारण वह गलती से टर्मिनल-1 (टी1) पहुंच गईं। वहां एक व्यक्ति ने खुद को एयरपोर्ट कर्मचारी बताकर उनसे संपर्क किया और कहा कि शटल से टी2 जाने में उड़ान छूट सकती है। उसने टैक्सी का सुझाव देकर एक टाउट से मिलवाया। आरोपियों ने वफा को जबरदस्ती टैक्सी में बिठाया, उनका फोन छीनकर टिकट प्रिंट किया और टी2 पहुंचने पर 4170 रुपये का भारी किराया वसूला। डर के कारण वफा ने उस समय विरोध नहीं किया। बाद में उनकी शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की।

एयरपोर्ट पुलिस की डोमेस्टिक एयरपोर्ट थाना टीम ने इंस्पेक्टर सत्यबीर सिंह की अगुवाई में जांच शुरू की गई। जांच टीम ने फुटेज की गहन जांच से टाउट, ड्राइवर और एक कर्मचारी की संलिप्तता सामने आई। फुटेज में दिख रहे टैक्सी का नंबर ट्रेस कर मालिक लकी तक पहुंचा गया। उसका फोन बंद था, लेकिन तकनीकी निगरानी और खुफिया जानकारी से उसे दिल्ली में एक ठिकाने से पकड़ा गया। यूपीआई रिकॉर्ड से पुष्टि हुई कि वफा ने 4170 रुपये आरोपी लकी को भेजे, जो 7-8 किमी की दूरी के लिए वसूले गए। टैक्सी लकी के पिता के नाम पर थी और पुलिस ने इसे जब्त कर लिया। पुलिस ने लकी की निशानदेही पर उसके सहयोगी शुभम शर्मा (23) जो एयरपोर्ट कर्मचारी है और ड्राइवर अक्षक कुमार (20) को भी गिरफ्तार कर लिया। शुभम के पास से एक खाली टैक्सी रसीद मिली। अधिकारी ने बताया कि जांच जारी है और अन्य पीडितों के सामने आने की संभावना है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DECCAN CHRONICLE HYDERABAD 2 MARCH 2025

# CM moots Kochi-like airport at Mamnoor

## Revanth directs officials to expedite land acquisition

L. VENKAT RAM REDDY | DC
HYDERABAD, MARCH 1

Chief Minister A. Revanth Reddy has directed officials to develop the upcoming Mamnoor airport in Warangal along the lines of Kochi airport, ensuring that the project fosters continuous economic activity in the region.

Following the Centre's approval for Mamnoor airport on Friday, Revanth Reddy also held a review meeting on Saturday to assess the progress and future plans for the project.

Officials briefed him about details of the new airport, including land acquisition status and pending works.

The Chief Minister instructed officials to expedite the land acquisition process and finalise the airport's design at the earliest. Stressing the importance of the project, he said that it should be developed as a key asset for Warangal, a city witnessing rapid growth and development in north Telangana.

Revanth Reddy said that the new airport should offer regular flight services and generate economic opportunities in the surrounding areas.

To ensure smooth execution, the Chief Minister urged the officials to conduct regular reviews and provide the government with monthly progress reports on the status of construction. On this occasion, ministers, MPs, MLAs, and other leaders from the undivided Warangal district, including ministers Konda Surekha and D. Anasuya Seethakka met the Chief Minister to express their gratitude for his persistent efforts in securing the Centre's approval for Mamnoor airport in Warangal.



Congress MPs and MLAs of erstwhile Warangal district meet Chief Minister A. Revanth Reddy at his residence in Hyderabad to thank him for his efforts to get Mamnoor Airport approved on Saturday. — *DC*

## MPs, MLAs thank CM for new airport

DC CORRESPONDENT
WARANGAL, MARCH 1

A delegation of MPs and MLAs from the unified Warangal district met Chief Minister A. Revanth Reddy at his Jubilee Hills residence on Saturday to thank him for his role in establishing the Mamnoor Airport in Warangal.

The group acknowledged the Chief Minister's efforts and his sanctioning of â,¹205 crore for the airport project, which paved the way for the Central government's approval.

During the meeting, the leaders presented a bouquet to the Chief Minister as a token of appreciation for securing the green light from the Central authorities.

Among those in attendance were Warangal MP Kadiam Kavya, Mahbubabad MP Porika Balram Nayak, Chief Minister's adviser V. Narender Reddy, and MLAs Kadiyam Srihari, Nayini Rajender Reddy, Revuri Prakash Reddy, K.R. Nagaraju, along with Mahbubabad DCC president Bharat Singmha Reddy.

## CONGRESS, BJP CLASH TO TAKE AIRPORT CREDIT

PULI SHARATH KUMAR | DC
WARANGAL, MARCH 1

Tensions escalated at Mamnoor airstrip on Saturday as leaders from the BJP and Congress clashed over taking credit for the Centre giving sanction for the facility. The dispute erupted during a function to thank Prime Minister Narendra Modi for his support in securing a â,₹450-crore allocation for the airport

BJP leaders, led by Warangal Urban Cooperative Bank chairman Erabelli Pradeep Rao, performed palabhishekam to a cut-out of Modi, distributed fruits and sweets.

Local Congress workers arrived at the airstrip and claimed that the Congress government was behind the airport's development. They attempted to place a portrait of Chief Minister A. Revanth Reddy at the site, sparking a heated exchange between the two groups.

Clashes ensued as BJP workers chanted "Jai Modi and Jai BJP," while Congress supporters countered with slogans of "Jai Revanthanna and Jai Congress." The confrontation escalated into a scuffle before police intervention restored order.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

**Corporate Communications Directorate**

DAINIK JAGRAN DELHI 3 MARCH 2025

# टर्मिनल एक से दो तक जाने के वसूले चार हजार रुपये

**सात किलोमीटर का था सफर, आइजीआइ एयरपोर्ट पर यात्रियों से ठगी करने वाले सिंडिकेट का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार**

**जागरण संवाददाता, नई दिल्ली:** इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आइजीआइ) एयरपोर्ट के टर्मिनल एक से टर्मिनल दो तक के करीब सात किलोमीटर की दूरी के चार हजार से ज्यादा रुपये लेकर यात्री को ठगने वाले सिंडिकेट का इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट थाना पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। आरोपितों की पहचान ईस्ट मेहराम नगर के लकी, अक्षय कुमार व गुरुग्राम के डूंडाहेड़ा गांव के शुभम शर्मा के रूप में हुई है। लकी इस सिंडिकेट का मास्टरमाइंड है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि 18 फरवरी को यात्री वफा सिद्दीकी को इंडिगो की उड़ान से टर्मिनल-2 से कोच्चि के लिए उड़ान भरनी थी। समय की कमी और यातायात की परेशानी के कारण वह गलती से टर्मिनल-1 पर पहुंच गई, जहां एक व्यक्ति ने उससे संपर्क किया, जिसने खुद को एयरपोर्ट का स्टाफ बताया। उसने वफा सिद्दीकी को गुमराह करते हुए दावा किया कि टी2 के लिए शटल लेने से उनकी उड़ान छूट सकती है और इसके बजाय उन्होंने कैब का त्वरित विकल्प सुझाया और उन्हें दलाल से मिलवाया। उन्होंने सिद्दीकी को अपनी कैब लेने के लिए मजबूर किया। इस दौरान उनकी सहमति के बिना उनका फोन भी ले लिया गया और उनके फ्लाइट टिकट की एक प्रति प्रिंट कर ली।




आइजीआइ एयरपोर्ट • आर्काइव

टर्मिनल-2 पर पहुंचने पर पीड़ित को सवारी के लिए 4170 रुपये का अत्यधिक किराया पेश किया गया, जिसे दबाव में भुगतान किया गया। आइजीआइ एयरपोर्ट थाना पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस टीम ने सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इस दौरान पता लगा कि कैब लकी नाम के युवक की थी। उसने अपने सहयोगी अक्षय कुमार को अपने कैब ड्राइवर के रूप में काम पर रखा था। इसके बाद पुलिस ने लकी को गिरफ्तार कर लिया। लकी की निशानदेही पर शुभम शर्मा और अक्षय को भी गिरफ्तार कर लिया गया। जांच में पता चला कि लकी हिस्ट्रीशीटर है और पहले भी चार आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

DAINIK JAGRAN KANPUR 2 MARCH 2025

# लखनऊ एयरपोर्ट पर विमानों की समयसारिणी बदलने से परेशानी

- रनवे के मरम्मत कार्य से 118 फ्लाइटें शाम छह से सुबह 10 बजे के बीच सिमटीं
- चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट टर्मिनल यात्रियों से भरा, आठ हजार ने मांगा रिफंड

जागरण संवाददाता, लखनऊ : चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट का रनवे शनिवार से दिन में बंद कर दिया गया है। ऐसा रनवे पर मरम्मत कार्य व समानांतर टैक्सीवे बनाने के कारण किया गया है। 15 जुलाई तक यह काम चलेगा। विमानों की समयसारिणी बदलने व निरस्त होने से हजारों यात्रियों को पहले ही दिन परेशानी उठानी पड़ी। यात्रियों का आरोप है कि विमान कंपनियों को वैकल्पिक व्यवस्था करनी चाहिए। उन यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ रही है, जिनकी कनेक्टिविटी फ्लाइटें हैं। शनिवार को 118 उड़ानें शाम छह से सुबह 10 बजे के बीच सिमट गईं। ऐसे में पहले ही दिन शाम पौने छह बजे के करीब एयरपोर्ट पर यात्रियों की भीड़ इतनी अधिक हो गई कि संभालना मुश्किल हो गया। इस बीच आठ हजार से अधिक यात्रियों ने रिफंड मांगा है। मार्च से मध्य जुलाई तक रनवे बंद रहने से करीब 1.8 लाख यात्री प्रभावित हुए हैं। इन्हें रिफंड करने से एयरलाइंस कंपनियों को भी नुकसान उठाना पड़ेगा।

करीब 19 हजार से अधिक एडवांस हवाई टिकट बुक थे। किसी को गर्मियों की छुट्टियों में घूमने जाना था तो किसी को अपने घर आना था। अब सबका बजट बिगड़ गया है, क्योंकि जिन्होंने घूमने के लिए होटल व ट्रैवल की बुकिंग कराई थी, उन्हें फ्लाइट निरस्त होने से आगे की बुकिंग भी निरस्त करवानी पड़ रही है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

# Corporate Communications Directorate

HINDUSTAN DELHI 3 MARCH 2025

# बेंगलुरु के लिए भी उड़ान सेवा शुरू

हिंडन एयरपोर्ट

- फ्लाइट में 90 प्रतिशत से अधिक सीट फुल
- गोवा और कोलकाता के लिए भी सुविधा मिल रही

गाजियाबाद, वरिष्ठ संवाददाता। हिंडन एयरपोर्ट से रविवार को बेंगलुरु के लिए भी उड़ान शुरू हो गई। पहले दिन 173 यात्रियों ने उड़ान भरी। वहीं, दूसरे दिन गोवा के लिए 128 और कोलकाता के लिए 173 यात्री एयरपोर्ट से रवाना हुए।

हवाई उड़ान शुरू होने पर लोगों में खुशी का माहौल है। एयरपोर्ट से शनिवार को गोवा और कोलकाता के लिए उड़ान शुरू हुई थी। दोनों स्थानों के लिए 180 सीटर हवाई जहाज ने उड़ान भरी। पहले दिन गाजियाबाद से गोवा के लिए 70 लोगों ने यात्रा की। रविवार को बेंगलुरु के लिए उड़ान शुरू हो गई। एयरपोर्ट अधिकारी के अनुसार, पहले दिन बेंगलुरु की फ्लाइट में 90 प्रतिशत से अधिक सीट फुल रहीं। सूत्रों ने बताया कि बेंगलुरु से अपराह्न 3:30 बजे आने वाली फ्लाइट एक घंटे की देरी से शाम 4:30 बजे पहुंची। इस कारण बेंगलुरु के लिए जिस विमान को 4:30 बजे उड़ना था, वह अपने निर्धारित समय से देर से उड़ सका।

THE TIMES OF INDIA DELHI 3 MARCH 2025

# From IGI to Fbd: Green corridor helps in timely hand transplant

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** As a 48-year-old man in a private hospital waited for a new lease of life — a human hand, harvested from Surat, that could restore his independence — every passing minute mattered. Around 11am on Sunday, a medical team in Surat carefully retrieved the donor's hand after allocation by National Organ and Tissue Transplant Organisation. A flight was arranged to transport it to Delhi, where the next challenge awaited: ensuring the organ reached the hospital in time. That's when Delhi Traffic Police stepped in.

Around 2:58 pm, the flight landed at general aviation (GA) terminal, meant for private planes. Waiting outside was inspector Satish Yadav and his team, ready to escort the ambulance carrying the transplant team and the precious cargo. "Every second counts in such cases, and we had to ensure a clear route," Yadav said. The green corridor was planned, spanning 43km, of which they were handling the distance from the airport to Delhi-Badarpur border.

With traffic cleared ahead, the convoy sped through the city. The stretch from the airport to the border was covered in just 36 minutes. From there, it took another 15 minutes to reach the hospital in Faridabad. "We received the request from the hospital early Sunday morning," said DCP traffic (New Delhi) Dhal Singh. "As soon as we got the call, we coordinated with our teams to ensure a smooth passage. It was a combined effort with Faridabad traffic police and hospital administration." The hospital management confirmed that the surgery began on time, giving the patient the best possible chance of recovery. "It's a long and complex procedure, but the timely arrival of the organ was crucial. The coordination between medical teams and traffic police made all the difference," a hospital spokesperson said.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

BUSINESS LINE DELHI 3 MARCH 2025

# After hitting record highs, jet fuel demand dips in February

Rishi Ranjan Kala
New Delhi

India's jet fuel demand cooled in February 2025 after soaring to record highs in December 2024 and January 2025, aided by the holiday season and the Mahakumbh that fuelled the rush of domestic and international travellers.

According to the Petroleum Planning & Analysis Cell (PPAC), domestic aviation turbine fuel (ATF) consumption rose by 3.7 per cent y-o-y to 7,31,000 tonnes in February. However, it fell by 6.3 per cent on a monthly basis.

The Mahakumbh, considered the world's largest gathering of people professing a single faith, started on January 13 and concluded on February 26. It is estimated that around 66 crore people attended the event.



**SET TO SOAR.** Jet fuel consumption is expected to grow at almost 10 per cent annually in FY26 REUTERS

### AIR TRAVEL

India's ATF usage rose by almost 9 per cent y-o-y to 7,80,000 tonnes in January 2025. Domestic airlines carried 1.46 crore passengers, a growth of 11.28 per cent each on an annual and monthly basis. The February passenger numbers are yet to come.

The previous high was recorded in December last when jet fuel usage hit 7,78,000 tonnes as the year-end holiday season boosted both international and domestic travel. Prior to this, ATF consumption hit a high of 7,57,000 tonnes in October 2024 and 7,58,000 tonnes in March 2024.

### TAKING WING

Monthly consumption of ATF during October 2024 to February 2025 has been higher, with the average usage around 7,59,000 tonnes.

This is largely attributed to the holiday and festival season during October-December 2024. Besides, the Mahakumbh and marriage season aided air travel during January and February.

Rising spending power in the world's fastest growing emerging economy is pushing up the demand for ATF as more people are taking to the skies. This also reflects in the government's estimates for the upcoming financial year.

Jet fuel consumption is expected to grow at almost 10 per cent annually in FY26, which is the highest among all refined petroleum products, barring natural gas.

The PPAC expects India's ATF usage to grow by 9.82 per cent in FY26 to 9.95 million tonnes against a revised estimate of 9.06 mt in FY25.

India Ratings and Research (Ind-Ra) expects passenger traffic to grow at 8-10 per cent y-o-y in FY26, driven by robust passenger growth across metro and tier-1 and -2 cities and the government's intent to operationalise more airports and routes. Resuming business travel and tourism supports passenger growth.

### AUTO FUEL DOWN

However, the consumption of auto fuels, diesel and petrol, registered a decline on a monthly basis for the fourth consecutive month during February.

Diesel consumption fell by 1.5 per cent y-o-y to 7.33 mt in February. Last year being a leap year, February had one more day. It fell by 5.2 per cent on a monthly basis.

Petrol consumption rose by 4.6 per cent y-o-y to 3.16 mt last month. It fell by almost 4 per cent on a monthly basis.

BUSINESS LINE DELHI 3 MARCH 2025

# India will need 500 small jets in 20 years: Embraer

**Rohit Vaid**
New Delhi

Rising air passenger traffic as well as enhanced last-mile connectivity in India will trigger a need for 500 'small narrow-body' jets with a seating capacity of up to 150 in the next 20 years, estimates Brazil's aerospace major Embraer.

Notably, Embraer is one of the world's largest producers of such jets with seating capacity from 80 to 150 passengers.

Speaking with *businessline*, Raul Villaron, Vice-President, APAC region, Embraer Commercial Aviation, said the need for such jets in India has arisen due to the emergence of the regional travel segment.

At present, a vast majority of India's domestic fleet consists of narrow-body aircraft, having more than 180 seats, while a smaller number of turboprops, with a capacity of up to 78 seats, are deployed primarily on the routes under the regional air connectivity UDAN scheme.

"Embraer's analysis indicates that nearly 50 per cent of domestic flights in India depart with fewer than 150 passengers on board. This growing mismatch between passenger demand and deployed capacity has led airlines to cease operations on many sectors and between secondary and tertiary cities, and instead concentrate solely on first-tier routes," Villaron said

**TURBOPROP AIRCRAFT**

"At the other end of the capacity spectrum, turboprop aircraft lack the range to cover the length and breadth of India and are therefore relegated to connecting city pairs across short distances."

Villaron pointed out that India needs to have small jets that can travel longer distances, however, with smaller loads than the traditional large jets, thereby making operations more profitable for airlines.




Besides, he said that India's road and rail infrastructure continues to improve and the segment of short-range turboprop routes will experience increasing levels of competition from these alternative modes of transportation.

"We believe that Indian aviation stands to realise significant benefits in terms of operational efficiency, as well as network connectivity, by changing the status quo through the introduction of small narrow-body aircraft," Villaron said.

**CAPACITY GAP**

The aircraft manufacturer is pitching the next-generation E195-E2, with a capacity of up to 146 seats, to India-based airlines as the "right-sized small narrow-body aircraft" to fill the capacity gap present across the current domestic fleet in India.

Further, Villaron said the continued development of new airports underpinned by growing passenger demand from different geographies across the country will encourage airlines to continue to grow and upgrade their respective fleets with new kinds of jets like small narrow-bodies.

He credited the UDAN scheme as an important catalyst for regional connectivity in India, which he said has been a significant contributor to domestic passenger growth between secondary and tertiary cities in India.

Around 40 Embraer aircraft are currently deployed in India, serving various sectors such as commercial, business aviation and defence.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE FINANCIAL EXPRESS DELHI 3 MARCH 2025

AIRCRAFT LEASING REGULATIONS



# Why India is still on lessors' watchlist

India has remained a high-risk jurisdiction for aircraft lessors, with a global aviation monitor recently stating that the country continues to be on its watchlist. ***Ritwik Sharma*** explains why India has not been able to improve its ranking even after the government approved a new Bill to this effect

## India lags in aviation compliance

**THE AVIATION WORKING** Group (AWG), a global watchdog that monitors leasing and financial laws for aircraft manufacturers and lessors, has kept India on its watch list. India's overall compliance outlook, an index based on the Cape Town Convention, is "positive". But the country is in the medium category and has an index score of 61, which is lower than the 63.5 that the AWG had awarded India in May 2023 while downgrading it to a "negative" outlook. *FE* reported that neighbouring Pakistan has fared better than India according to AWG's analysis, with a compliance score of 71. The watchdog has, however, welcomed a new legislation to protect lessors in India. Last month, the central government had cleared the decks for the introduction of the Protection and Enforcement of Interests in Aircraft Objects Bill, 2024, which aims to make it easier for lessors to repossess their aircraft and engines in case their Indian clients flout norms or go bankrupt. The Bill may be tabled in the current Budget session.

**61**

INDIA'S SCORE AS PER AWG NOW AGAINST 63.3 IN MAY 2023

**THOUGH INDIA SIGNED THE CAPE TOWN CONVENTION IN 2008, PARLIAMENT IS YET TO RATIFY IT**

**80%**

OF COMMERCIAL AIRCRAFT IN INDI ARE LEASED AGAINST GLOBAL AVERAGE OF 53%

## Why has India struggled so far?

**INDIA SIGNED THE** CTC in 2008, but it is yet to be ratified in Parliament. So far, it hasn't enacted laws that align its insolvency and aircraft leasing regulations with the convention. Creditors struggle to repossess aircraft when an airline defaults, as local laws take precedence over the treaty. Under the CTC, lessors should be able to quickly reclaim their planes when an airline defaults. But the Insolvency and Bankruptcy Code (IBC) imposes a moratorium which blocks lessors from taking back aircraft. In May 2023, Go First filed for insolvency citing engine supply issues from Pratt & Whitney. The airline owed over ₹2,600 crore to aircraft lessors. Once Go First approached the National Company Law Tribunal, a moratorium was imposed under the IBC. After months of legal battles, the courts allowed some Go First aircraft to be deregistered. Such issues led to the downgrading of India's CTC compliance ranking in 2023.

## Estimates of aircraft needed

**IN THE PAST** two years, Indian carriers have placed orders for more than 1,300 aircraft. Late last year the government said they were estimated to increase the overall fleet strength in the country from 800 to 1,400 over a period of five years. India's aviation market, which is the third largest after the US and China, is estimated to need over 2,200 aircraft by 2040. The demand for wide-bodied aircraft is also expected to rise with the ratio of wide-bodied planes to narrow-bodied ones going up from 1:9 from 1:4 at present. India is predominantly a lessee market, where airlines lease aircraft owned by overseas entities mainly based in Ireland and Singapore, according to a PwC report. As much as 80% of the total commercial aircraft fleet in India is leased from foreign lessors, it said, which results in forex outflows in the form of lease rentals and interest payments. The global average is around 53%.

## Balancing migration, mobility and trade

**THE CAPE TOWN** Convention on International Interests in Mobile Equipment is an international treaty signed in November 2001 that is aimed at standardising transactions of movable property. Four protocols of the Cape Town Convention (CTC) pertain to four types of mobile equipment, out of which the one on aircraft was signed in 2001 itself. The CTC set up a global framework created to protect the rights of lessors and financiers. The convention is designed to facilitate asset-based leasing and financing of aircraft. If implemented, it can help reduce costs for airlines or lessees, by increasing the legal predictability in the transaction. The convention's principal aim is to protect the interests of sellers, buyers, and creditors through the creation of an international registry, which is located in Ireland.

## How a new law can help

**THE GOVERNMENT HAS** made efforts earlier also to address concerns, including making changes to Aircraft Rules, 1937, and exempting some aircraft leasing transactions from the IBC moratorium. However, the new Bill is viewed as more comprehensive with improved safeguard mechanisms for lessors. Besides ensuring repossession rights in case of defaults, the Bill will also reduce disputes and foster investor confidence, according to policy expert Akhilesh Tilotia. In an article for *FE*, Tilotia said that implementing the CTC was expected to improve India's AWG compliance rating, which in turn could lower financing costs for Indian airlines and enhance their competitiveness. The new Bill will also cut risks and financing costs, enabling airlines to access more favourable lease terms and supporting fleet expansion. The government has also focused on an aircraft leasing and financing ecosystem at the International Financial Services Centre (IFSC) in GIFT City. According to Tilotia, the Bill will add a layer of strategic advantage to GIFT IFSC-based lessors.

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
**Corporate Communications Directorate**

THE FINANCIAL EXPRESS DELHI 3 MARCH 2025

UNGROUNDING OF AIRCRAFT TO CONTINUE

# SpiceJet spreads wings with expanded fleet

SWARAJ BAGGONKAR
Mumbai, March 2

**FLYING HIGH**

■ With **28 aircraft,** SpiceJet's operational fleet is among the smallest in the industry, ahead of only Akasa Air (27)

■ The recent fundraise of **₹3,000 cr** has helped SpiceJet as **₹800 cr** was earmarked for reviving grounded aircraft

■ The ungrounding has helped spruce up its market share from 2% in Sept 2024 to 3.2%



■ SpiceJet's claims to be actively working to unground seven 737 Max, four 737 NG and six Q400 aircraft

**LOW-COST CARRIER SPICEJET** added one aircraft every nine days during the recently concluded December quarter to boost its operational fleet strength by 55%. The addition of 10 aircraft during the quarter helped it to launch flights to new stations and reconnect to destinations it had discontinued previously.

With 28 aircraft, Spicejet's operational fleet is among the smallest in the industry, ahead of only Akasa Air (27). More than half of its planes remain grounded due to unpaid dues and cash shortage.

The recent fundraise of ₹3,000 crore, of which ₹800 crore was earmarked for reviving grounded aircraft, has allowed it to unground some of these and put them back into service. SpiceJet's claims to be actively working to unground seven 737 Max, four 737 NG and six Q400, narrow body, short-haul planes, and at least 10 of these will be back in the air by April, 2025.

"The return of our grounded aircraft has enabled us to add 60 new flights, launch new stations like Shivamogga and Prayagraj, and revive previously served destinations such as Gorakhpur," said a SpiceJet spokesperson to *FE*.

The ungrounding has helped spruce up SpiceJet's market share. From an all-time low of 2% in September, 2024 the company has increased it to 3.2% by the end of January, 2025, according to data shared by the Directorate General of Civil Aviation (DGCA).

The positive impact of ungrounding aircraft and streamlining operations is evident on its financials too. SpiceJet's total revenue surged 53% to ₹1,651 crore in Q3 FY25 compared to the previous quarter, with the company reporting a profit of ₹26 crore. For the first time in a decade, the company has turned net worth positive.

In December, SpiceJet signed an agreement with StandardAero, a US-based engine maintenance repair and overhaul (MRO) player, for the restoration of its grounded Max fleet.

Over the past three months, SpiceJet claims to have resolved disputes with several major lessors and partners, including Export Development Canada, Engine Lease Finance Corporation, Babcock & Brown Aircraft Management, Aircastle (Ireland), Wilmington Trust SP Services (Dublin), Shannon Engine Support among others.

## इंडिगो पर इनपुट टैक्स क्रेडिट से संबंधित जुर्माना




नई दिल्ली। इंडिगो ने कहा कि उसपर गुजरात में इनपुट टैक्स क्रेडिट के संबंध में 1.30 करोड़ रुपये का जुर्माना लगा है और वह आवश्यक कानूनी उपाय पर विचार कर रही है। अहमदाबाद के राज्य के सहायक कर आयुक्त ने एयरलाइन पर 1,30,40,966 रुपये का जुर्माना लगाया है।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

RAJASTHAN PATRIKA DELHI 3 MARCH 2025

## तमिलनाडु मॉरीशस उड़ान में 10 घंटे की देरी

**चेन्नई @ पत्रिका.** चेन्नई-मॉरीशस उड़ान 10 घंटे से अधिक देरी से चली। एयर मॉरीशस की उड़ान शनिवार सुबह 277 यात्रियों के साथ चेन्नई से रवाना होने वाली थी। हालांकि, मॉरीशस से आने वाली उड़ान वहां खराब मौसम के कारण आधी रात को नहीं पहुंची। एयरलाइन की ओर से कोई उचित जानकारी नहीं दी गई, इसलिए यात्री चेन्नई हवाई अड्डे पर पहुंचे और उड़ान भरने का इंतजार करने लगे। बाद में एयरलाइन ने घोषणा की कि उड़ान में देरी होगी। उड़ान रात 9 बजे मॉरीशस के लिए रवाना हुई।

RASHTRIYA SAHARA DELHI 3 MARCH 2025

# अकासा एयर ने उड़ानों का विस्तार किया

**नई दिल्ली (वि.)।** भारत की सबसे तेजी से विकसित हो रही एयरलाइन, अकासा एयर ने दरभंगा को अपने नेटवर्क में 28वें डेस्टीनेशन के रूप में शामिल करने की घोषणा की है। दिल्ली से सीधी कनेक्टिविटी के साथ यह सेवा 4 अप्रैल 2025 से शुरू होगी। एयरलाइन हैदराबाद और दरभंगा के बीच दिल्ली के माध्यम से रोज़ाना उड़ानें संचालित करेगी, जिसमें यात्रियों को दिल्ली में विमान बदलने की आवश्यकता नहीं होगी। इससे दरभंगा की कनेक्टिविटी दो प्रमुख महानगरों से और अधिक सुलभ हो जाएगी। इस लांच के साथ एयरलाइन ने बिहार में अपनी सेवाओं की शुरुआत की है, जिससे देशभर में अपने संचालन को मजबूत करने की प्रतिबद्धता और सुदृढ़ होती है। यात्री अकासा एयर की आधिकारिक वेबसाइट, एंड्रॉयड और आईओएस ऐप या प्रमुख ट्रैवल एजेंटों के जरिए अपनी उड़ानों की बुकिंग कर सकते हैं। यह जानकारी अकासा एयर के सह-संस्थापक और मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी प्रवीण अय्यर ने दी।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA
Corporate Communications Directorate

THE STATESMAN KOLKATA 2 MARCH 2025

**Direct flight services launched from Hindon to Kolkata**: Strengthening connectivity with the National Capital Region (NCR), K Rammohan Naidu, Union minister for civil aviation, inaugurated Air India Express' services from Hindon Airport in Ghaziabad towards several destinations including Kolkata Airport. The airline will operate 40 weekly flights from Hindon, directly connecting five key destinations—Kolkata, Bengaluru, Chennai, Goa and Jammu. The maiden flight on the Kolkata–Hindon route landed at 09.30 a.m, while the first departure from Hindon to Goa took off at 10.40 am. As part of the celebrations, the Union minister presented the first guest of the inaugural flight with a commemorative boarding pass. Air India Express operates over 180 weekly flights from Kolkata connecting directly to 15 domestic destinations including Agartala, Bagdogra, Bengaluru, Bhubaneswar, Chennai, Delhi, Guwahati, Hindon, Hyderabad, Imphal, Indore, Jaipur, Kochi, Patna, and Sri Vijaya Puram. SNS